प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज राज्य के एकदिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने जमशेदपुर स्थित मेरिन ड्राइव कदमा में श्री जगन्नाथ स्पिरिचुअल एंड कल्चरल चौरिटेबल सेंटर का भूमि पूजन किया। यहां भगवान श्री जगन्नाथ का भव्य मंदिर निर्माण प्रस्तावित है। इस दौरान राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में सामाजिक समरसता और वंचितों के उत्थान पर जोर दिया।

इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने संबोधन में रथयात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि यह आस्था के सीमाओं से बंधी है, जो समाज को एकसूत्र में पिरोती है।

भूमि पूजन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और स्थानीय सांसद विद्युतवरण महतो समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

****

विधानसभा के बजट सत्र का आज सातवां दिन है। सदन में भोजनावकाश के बाद कृषि विभाग के अनुदान मांगों पर चर्चा हो रही है। इससे पहले विधानसभा में प्रश्नकाल आज भी सुचारू तरीके से चला और लोकहित तथा विकास की गूंज रही। सदस्यों ने सवाल पूछे, जिनका मंत्रियों ने जवाब दिया। विधानसभा के बजाट सत्र में आज ओबीसी छात्रवृत्ति का मामला गरमाया रहा। विधायक जयराम महतो ने लंबित छात्रवृत्ति की राशि को लेकर सरकार से जवाब मांगा। इसके जवाब में विभागीय मंत्री चमरा लिंडा ने सदन को बताया कि केन्द्रांश प्राप्त नहीं होने के कारण छात्रवृति का भुगतान नहीं हो पाया है, लेकिन राज्य सरकार वैकल्पिक व्यवस्था कर रही है।

****

निकाय चुनाव को लेकर कल होनेवाली मतगणना को लेकर राज्यभर में प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। सवेरे आठ बजे से मतगणना का कार्य शुरू होगा, जो रात आठ बजे तक चलेगा। पहले पार्षदों के मतपत्रों की गिनती होगी, उसके बाद मेयर और अध्यक्ष पद के वोटों की गिनती की जाएगी। रांची के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मतगणना केन्द्र में रांची नगर निगम और बुंडू नगर पंचायत की मतगणना भी त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी। गौरतलब है कि अड़तालीस निकायों के लिए तेइस फरवरी को मतदान हुआ था, जिसमें राज्यभर में औसत तिरसठ फीसदी से अधिक मतदान हुआ था।

****

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, यूआईडीएआई और गुगल के बीच आज रांची में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते के तहत नागरिकों को गुगल मैप के माध्यम से निकटतम आधार केंद्रों की जानकारी और लोकेशन आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। यह साझेदारी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने तथा सुरक्षित, सुगम और नागरिक–केंद्रित आधार सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

****

भारतीय रेलवे ने होली के त्योहार के दौरान सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की है। यात्रियों की सहूलियत के लिए विभिन्न रूटों पर विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन होगा। विभिन्न रेलवे जोन में ट्रेनें एक हजार दो सौ चौवालीस फेरे लगाएंगी।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र में मनोहरपुर–चाईबासा मुख्य मार्ग पर टोंटोगाढ़ा के पास सड़क किनारे से आईईडी बरामद किया गया है। आशंका जतायी जा रही है कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से विस्फोटक लगाया था। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा बल के जवानों आईईडी को बरामद कर निष्क्रिय कर दिया।

****

राज्य में आने वाले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र के पूर्वानुमान के मुताबिक चार मार्च तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान कई जिलों में अधिकतम तापमान तीस डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। चाईबासा में अधिकतम तापमान तैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

****

राष्ट्रीय फलक की खेल स्पर्द्धाओं में रांची के खिलाड़ी लगातार परचम लहरा रहे हैं। रांची के दस वर्षीय शतरंज खिलाड़ी ऋषि राज ने तमिलनाडु में आयोजित फिडे रेटिंग शतरंज के बिलो वर्ग में खिताब जीतकर राज्य का नाम रौशन किया है। ऋषि ने ट्रॉफी और बीस हजार रूपये का पुरस्कार जीता है। उनकी सफलता से सभी गौरवान्वित हैं।

*********समाप्त*********